


## कलेक्टर ने गैरतगंज के उपार्जन केन्द्र आर्दश वेयरहाउस का किया निरीक्षण

रायसेन। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सोमवार को गैरतगंज के उपार्जन केंद्र आदर्श वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपार्जन प्रक्रिया, तुलाई कार्य, उपज की गुणवत्ता सहित व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों तथा केन्द्र प्रभारी से अभी तक उपार्जित उपज की मात्रा, बारदाने की उपलब्धता, किसानों को राशि भुगतान आदि की जानकारी लेते हुए उपार्जन नीति के अनुरूप उपार्जन कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा किसानों से भी चर्चा कर उपार्जन कार्य और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान सहकारिता, कृषि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 8वीं तक स्कूल 30 अप्रैल तक बंद, मौसम बदलने से अनाज भीगने का डर

# 3 साल का रिकॉर्ड टूटा, 43.6 डिग्री तापमान

रायसेन ■ निसं

अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। इस पारे ने अप्रैल माह में पिछले तीन सालों की गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने नर्सरी से 8वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए 30 अप्रैल तक की छुट्टियां घोषित कर दी हैं।



दिनभर की तपन के बाद देर शाम मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई, जिससे खरीदी केंद्रों पर खुले में रखे हजारों क्विंटल अनाज के भीगने का खतरा मंडराने लगा है।

सोमवार सुबह से ही तेज धूप खिली है और मौसम विभाग ने आज भी लू चलने के साथ बारिश का अनुमान जताया है।

अप्रैल में 3 साल बाद ऐसी गर्मी, शाम को हुई बूंदाबांदी: रविवार को 43.6 डिग्री तापमान के साथ लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। इससे पहले अप्रैल के महीने में तीन साल पहले इतनी गर्मी पड़ी थी। हालांकि, दिनभर की तपन के बाद देर शाम को मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ जिले के कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन सोमवार सुबह से फिर तेज धूप का सामना करना पड़ रहा है।

लू का अलर्ट, 8वीं तक के बच्चों की 30 अप्रैल तक छुट्टी: भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने बच्चों के स्वास्थ्य के मद्देनजर नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के स्कूलों में 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित कर दिया है। वहीं, मौसम विभाग ने सोमवार को भी लू चलने, तापमान में और बढ़ोतरी होने तथा गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना जताई है।

मौसम बदलने से डरे किसान, खुले में रखा है हजारों क्विंटल अनाज: मौसम के इस बार-बार बदलते मिजाज ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। तेज हवाएं चलने और आसमान में बादल छाने से किसानों को नुकसान का डर सता रहा है। दरअसल, जिले के खरीदी केंद्रों के बाहर अभी भी हजारों क्विंटल अनाज खुले में पड़ा हुआ है।



## हाई वोल्टेज से उपकरण जले, कई घरों में नुकसान, रातभर बिजली गुल रहने से लोग परेशान

**विदिशा, निप्र।** विदिशा के गल्ला मंडी इलाके में रविवार देर रात अचानक बिजली का वोल्टेज बढ़ गया, जिससे कई घरों में लगे विद्युत उपकरण जल गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में रातभर बिजली गुल रही, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया गया कि रात करीब 11 बजे वोल्टेज इतना बढ़ गया कि एलईडी बल्ब फूट गए और कूलर, पंखे, फ्रिज जैसे कई घरेलू उपकरण खराब हो गए। इस अप्रत्याशित घटना ने विद्युत वितरण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासी मानव जैन ने बताया कि उनके घर में अचानक वोल्टेज बढ़ने से एलईडी बल्ब फट गया और कूलर, पंखा तथा फ्रिज जल गए। उन्होंने कई बार विद्युत विभाग में कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। भीषण गर्मी और मच्छरों के कारण उन्हें रात छत पर गुजारनी पड़ी। एक अन्य निवासी रोहित ने बताया कि इस लापरवाही के कारण उनका फ्रिज और पंखा खराब हो गया। उन्होंने शिकायत की कि शहर में रहने के बावजूद बिजली की स्थिति ग्रामीण इलाकों जैसी है, जहां बार-बार बिजली गुल होना आम बात है। अरिहंत विहार फीडर में अक्सर खराबी आती रहती है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। मोहल्ले के अन्य लोगों ने भी दिनभर बिजली की आंख-मिचौली की शिकायत की और बताया कि रविवार रात को स्थिति और बिगड़ गई। कई घरों में भारी आर्थिक नुकसान हुआ और लोग पूरी रात बिजली आने का इंतजार करते रहे। विद्युत वितरण कंपनी की ओर से न तो समय पर सुधार किया गया और न ही उपभोक्ताओं को कोई सूचना दी गई। करीब सुबह 4 बजे बिजली बहाल हुई, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। उपभोक्ताओं ने विद्युत वितरण कंपनी से हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी के अरविंद वर्मा ने बताया कि समस्या के कारण की जांच की जाएगी ताकि भविष्य में उपभोक्ताओं को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### थाना कोतवाली क्षेत्र में मजाक बनी 112 पुलिस वाहन सेवा

# एसडीओपी, थाना प्रभारी को अवगत कराने के बाद भी घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाता पुलिस का 112 वाहन

रायसेन ■ निसं

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता के लिए तुरंत पुलिस सेवा का लाभ मिले और क्षेत्र में अपराधी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके इस प्रकार की त्वरित कार्रवाई के लिए सरकार द्वारा 112 पुलिस वाहन सेवा शुरू की गई है ताकि घटनास्थल तक समय पर वहां पहुंच सके परंतु रायसेन अनुविभागीय एवं थाना कोतवाली क्षेत्र में 112 पुलिस वाहन सेवा मजाक बनकर रह गई है। इसका जीता जागता उदाहरण इस प्रतिनिधि को सोमवार को देखने को मिला जब एक अपराधी द्वारा गांव में उत्पाद मचा कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया इसके बावजूद 112 पुलिस वाहन सेवा नहीं पहुंच पाई जिससे अपराधियों के और ज्यादा हौसले बुलंद हो रहे हैं और पुलिस महकमा की कार्य प्रणाली पर जनता के लोगों में विश्वास कम हो रहा है। जबकि इस प्रतिनिधि द्वारा 112 पुलिस वाहन सेवा गांव तक भेजने के लिए पुलिस अनु विभाग अधिकारी से लेकर कोतवाली थाना प्रभारी को भी बार-बार फोन कर अवगत कराया इसके बावजूद भी अपराधी



को पकड़ने के लिए 112 पुलिस वाहन मौके पर नहीं पहुंचा और ना ही थाना कोतवाली से कोई पुलिस कर्मी ही गांव तक पहुंच पाए यहां इस बात का प्रश्न उठता है कि एक और सरकार द्वारा क्षेत्र में अपराधों में कमी करने और असमाजिक अपराधियों एवं झगड़ा करने वाले लोगों पर त्यौरित कार्रवाई हो इसके लिए 112 पुलिस वाहन सेवा शुरू की गई परंतु थाना कोतवाली क्षेत्र में पुलिस का 112 वाहन सूचना के बाद भी नहीं पहुंच पाते इससे आम जनता के लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है इतना ही नहीं थाना कोतवाली में आने वाले फरियादियों द्वारा अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज करा भी दिया जाता है तो फिर उस अपराधी को पकड़ने के लिए पुलिस नहीं पहुंच पाती जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बतादे कि मामला दर्ज करने भर से समस्या का हल नहीं हो जाता क्योंकि अपराधी नहीं पकड़े जाने से और अपराध कर रहे हैं परंतु उन्हें पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाती इस दिशा में फरियादियों का विश्वास टूट रहा है । आखिरकार इस तरह से कब तक चलता रहेगा ऐसे तो पुलिस की लापरवाही से क्षेत्र में कोई बड़ी घटना भी घटित हो सकती है। पुलिस कोतवाली में आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बताया कि हम कई बार 112 पुलिस वाहन सेवा के लिए फोन लगाते हैं तो वहां वाहन समय पर नहीं पहुंचता और न ही मौके पर तुरंत पुलिस पहुंच पाती जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस इससे अनजान बनी हुई तमाशा देख रही है। आम जनता के लोगों ने जिले के तेजतर्रार कार्य शैली के धनी जिला पुलिस कप्तान आशुतोष गुप्ता से मांग की है कि वह इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए क्षेत्र में अपराधियों पर करवाई करवाए और उन्हें गिरफ्तार कर दंडित करें। कई मामले निचले स्तर के पुलिस अधिकारियों द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक तक नहीं पहुंच पाते इस कारण ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। नागरिकों ने इस ओर पुलिस अधीक्षक श्री गुप्ता का ध्यान आकर्षित कराते हुए अपराध करने वाले अपराधियों जल्द गिरफ्तार करने और 112 पुलिस वाहन सेवा में सुधार लाने की मांग की है ताकि शासन की इस 112 पुलिस वाहन सेवा का जनता के लोगों को तुरंत लाभ मिल सके।



## शक्ति संकुल गोदाम धामनोद का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**विदिशा।** ग्यारसपुर अनुभाग की एसडीएम श्रीमती शशि मिश्रा द्वारा आज शक्ति संकुल गोदाम धामनोद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोदाम में रखे गए अनाज के भंडारण, गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। एसडीएम श्रीमती मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोदाम में रखे गए खाद्यान्न का उचित संरक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की क्षति या खराबी न हो। उन्होंने भंडारण व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने, नियमित निगरानी करने एवं रिकॉर्ड संधारण में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान गोदाम परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही, उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के तहत प्राप्त सामग्री का सही तरीके से वितरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके।

## रायसेन समेत पूरे मध्यप्रदेश के खाद बीज दवा विक्रेताओं की दुकानें रही बंद



रायसेन ■ निसं

ए आई डी ए एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन जो पूरे भारत के कृषि आदान विक्रेताओं का एक रजिस्टर्ड संगठन है जिसके पूरे भारत में लगभग 5 लाख सदस्य हैं। जिला रायसेन के अध्यक्ष प्रणीत जैन समैया ने बताया कि सोमवार को समस्त रायसेन जिले के साथ ही संपूर्ण मध्यप्रदेश में कृषि आदान विक्रेता बंधु इकट्ठे हुए और प्रधानमंत्री मोदी के नाम अपनी महत्वपूर्ण मांगों का ज्ञापन समस्त जिलाधिकारी अरुण विश्वकर्मा को दिया गया। इस दौरान पूरे रायसेन जिले में भी एक दिवसीय सांकेतिक बंद रखा गया जो पूर्णत: सफल रहा और जिले के प्रत्येक ब्लॉक और तहसील स्तर पर ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर जिले भर के कीटनाशक विक्रेता मौजूद रहे।

### पांच सेकंड में तोड़ा लॉक, बाइक चोरी

## घर के बाहर खड़ी स्प्लेंडर चुराकर भाग रहा था, लोगों ने पकड़कर पीटा



रायसेन ■ निसं

रायसेन शहर में बाइक चोरी करते हुए एक युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। वार्ड नंबर 13 में दशरथ कुशवाहा की स्प्लेंडर बाइक चोरी हुई थी। स्थानीय लोगों ने युवक को बाइक सहित कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इस घटना का वीडियो आज सामने आया है।

यह घटना रविवार दोपहर की है। दशरथ कुशवाहा की स्प्लेंडर बाइक उनके घर के बाहर खड़ी थी। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक पहले आता है, बाइक पर बैठता है और किसी अन्य चाबी का उपयोग करके बाइक स्टार्ट कर ले जाता हुआ दिखाई देता है।

कुछ ही दूरी पर पकड़ाए चोर: जब घरवालों और पड़ोसियों ने घर के सामने बाइक नहीं देखी, तो उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक किए। फुटेज देखने के बाद उन्होंने वार्ड वासियों को सूचना दी। वार्ड वासियों ने सक्रियता दिखाते हुए युवक को बाइक सहित कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया और उसकी पिटाई भी की।

इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची थाना कोतवाली पुलिस युवक को थाने ले गई। थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल ने बताया कि आरोपी की पहचान पठारी निवासी सोनू बेदी के रूप में हुई है। सोनू बेदी बाइक चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था।

पुलिस ने आरोपी सोनू बेदी के खिलाफ चोरी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। घटना का वीडियो सोमवार को सामने आया।

### मांगें पूरी न होने पर दिल्ली में अनशन की चेतावनी, कहा-27 जुलाई को होगा आंदोलन

# गौ संरक्षण की मांग पर संतों का अल्टीमेटम

विदिशा ■ निसं

विदिशा में गौ संरक्षण की मांग को लेकर संत-महंतों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। हिंद प्रहरी और सनातन संघ सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के संतों ने देशभर में गायों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

संतों ने जानकारी दी कि यह अभियान देशव्यापी स्तर पर चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में देश के सभी तहसील मुख्यालयों पर एक साथ ज्ञापन सौंपे गए हैं। संत समाज ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन 2027 तक जारी रहेगा।

बटुक महाराज ने कहा कि उनका उद्देश्य भारत भूमि को गोवध के कलंक से मुक्त कराना है। उन्होंने चेतावनी दी कि



यदि तीन महीने के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो 27 जुलाई को जिला मुख्यालयों पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसके बाद भी समाधान न होने पर देशभर के संत दिल्ली में आमरण अनशन करेंगे।

गौ माता को 'राज्य माता' का दर्जा दिया जाए: राष्ट्रीय संत विपिन बिहारी जी ने गौ माता को 'राज्य माता' का दर्जा देने की मांग की। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक परिवार में गाय पालन को बढ़ावा देने के लिए इसे सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, गायों को आधार से लिंक कर नियमित सत्यापन की व्यवस्था लागू करने की बात भी कही।

### सराफा व्यापारी से लूट का खुलासा

# 4 गिरफ्तार, 18 लाख का माल बरामद

विदिशा ■ निसं

विदिशा के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र में 8 अप्रैल को सराफा व्यापारी से हुई लूट की वारदात का पुलिस ने 19 दिनों में खुलासा कर दिया है। '360ए डिग्री दृष्टि अभियान' के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 18 लाख रुपए का लूटा गया माल बरामद किया है। हालांकि, दो आरोपी अभी भी फरार हैं।



ग्राम बांसादेही निवासी सराफा व्यापारी मनोज कुमार सोनी 8 अप्रैल की शाम दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम गुंजारी के पास पुलिया पर घात लगाए बैठे बदमाशों ने उनकी गाड़ी रोककर डंडों से हमला किया और सोने-चांदी से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर पांच विशेष टीमों का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और एसडीओपी शिखा भल्लावी के मार्गदर्शन में अभियान चलाया गया।

165 सीसीटीवी और साइबर टीम की मदद से खुला राज: पुलिस ने 165 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और 100 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की। साइबर टीम की मदद से तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई गई। पुलिस ने शिवा उर्फ भावसिंह कुर्मी, अजय यादव, जगदीश उर्फ हल्ले कुर्मी और रणवीर उर्फ भगोले बुन्देला को गिरफ्तार किया है, जबकि इन्दु राजा और सुमित यादव फरार हैं।

गिरफ्तार आरोपियों से एक स्कॉर्पियो, एक ब्रेंजा कार, 2 किलो चांदी, 2 तोला सोना, एक पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुनियोजित तरीके से वारदात करते थे और मोबाइल का उपयोग नहीं करते थे।

### टीएल बैठक में कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाईन और शासकीय कार्यो की समीक्षा

# सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और सीएमओ क्षेत्र में भ्रमण कर स्वगणना के कार्यो को गंभीरता के साथ पूर्ण कराएं: कलेक्टर

रायसेन ■ निसं

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा गेंहू उपार्जन, स्लॉट बुकिंग, पंजीयन, खरीदी, बारदाने, जनगणना-2027 स्वगणना, सीएम हेल्पलाईन, विभागीय गतिविधियों, समय सीमा वाले पत्रों, योजनाओं तथा अभियानों की साप्ताहिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ कलेक्टर विश्वकर्मा ने गेहूँ उपार्जन के कार्यो की समीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों में स्लॉट बुकिंग, पंजीयन सहित उपज खरीदी की जानकारी ली तथा अगले सात दिन



में जहां बारदाने की आवश्यकता है वहां बारदाने उपलब्ध कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर विश्वकर्मा ने जनगणना-2027 स्वगणना के कार्य के लिए सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ को अपनी टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने कहा कि चैपाल के माध्यम से नागरिकों से सीधा संवाद कर उन्हें जनगणना का महत्व बताएं और सही जानकारी के साथ ऑनलाइन स्वगणना फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करे। बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा द्वारा बरेली तथा गौहरगंज एसडीएम तथा उनकी टीम की जनगणना-2027 स्व-गणना के किए गए कार्यों की सराहना भी की।

बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाईन निराकरण में रायसेन जिले के पुन: प्रथम स्थान पर रहने पर अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जो सीएम हेल्पलाईन शेष रह गई है, उनका भी शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत नॉन अटेन्डेन्ट ना रहे। शिकायत प्राप्त होते ही निराकरण की कार्यवाही प्रारंभ की जाए तथा पोर्टल पर जानकारी भी दर्ज कराएं। सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ तथा अन्य अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

### देवनगर, मुड़ियाखेड़ा तथा गैरतंगज मे स्वगणना कार्य का किया निरीक्षण

## कलेक्टर ने जनगणना सेल्फी प्वाइंट पर फोटो क्लिक कराई तथा स्वगणना के लिए नागरिकों को किया प्रेरित

रायसेन ■ निसं

कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा आज देवनगर, मुड़ियाखेड़ा तथा गैरतगंज में जनगणना-2027 स्वगणना कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम, जनपद सीईओ तथा मैदानी अमले से स्वगणना कार्य की जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों के चर्चा कर उन्हें जनगणना का महत्व बताया और जानकारी के साथ ऑनलाइन स्वगणना फॉर्म भरने के लिए प्रेरित भी किया। साथ ही उन्होंने गैरतगंज नगर परिषद द्वारा बनाए गए सेल्फ प्वाइंट का निरीक्षण किया। उन्होंने सेल्फी प्वाइंट पर फोटो



क्लिक कराई तथा नागरिकों को स्वगणना हेतु प्रेरित भी किया। इस दौरान एसडीएम अंकित जैन तथा जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इसके पूर्व 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना हेतु पोर्टल पर विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस अवधि में नागरिक अपनी स्व-गणना समय रहते पूर्ण कर सकते हैं, जिससे आगामी प्रक्रिया और अधिक सुगम हो सके। इससे नागरिकों को घर, कार्यालय अथवा किसी भी स्थान से मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से सुरक्षित रूप से जानकारी दर्ज करने की सुविधा मिलती है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, सागर रोड, रायसेन से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। : संपादक- डी.पी.गोयल ।मो.9827054436, 9826735596. व्यवस्थापक: श्याम अग्रवाल, भोपाल कार्यालय : 4240007. फैक्स:0755-4296195 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा ।)।